दिनांक 01.07.2017

स्वच्छ भारत अभियान **स्वच्छ एवं सुदर भिलाई**

भिलाईनगर/ महापौर देवेन्द्र यादव ने बरसात में निचली बस्तियों में होने वाले कठिनाईयों से अवगत होने वार्ड 27 फौजी नगर का भ्रमण कर व्याप्त समस्याओं से रुबरु हुए। उन्होने नाली सफाई की जानकारी लेकर स्वच्छता निरीक्षक को निर्देशित किया कि नाली सफाई में किसी प्रकार का व्यावधान आने पर नाली के उपर हुए अवैध कब्जों को हटाकर नाली के तली से सफाई करें। विशेष रुप से झिल्ली पन्नी प्लास्टिक को नाली में एकत्र नहीं होने देवें। पुलिया के नीचे जमे कचरों को हटावें ताकि पानी जाम की स्थिति उत्पन्न न हों।

महापौर ने सड़क प्रकाश की जानकारी लेकर बंद अथवा खराब लाईट को तत्काल बदलने को कहा। सुलभ शौचालय का प्रतिदिन सफाई कर ब्लिचिंग का छिड़काव करने को कहा। मोहल्लेवासियों ने क्षतिग्रस्त पुलिया संधारण का मांग श्री यादव के समक्ष रखा जिस पर उन्होने आयुक्त के0एल0 चौहान से दुरभाष पर पुलिया को शीघ्र संधारित करने हेतु चर्चा किये।

भ्रमण में जनसम्पर्क अधिकारी अशोक पहाड़िया, जोन आयुक्त आर.के. पद्मवार, उप अभियंता अरविंद शर्मा, सहायक अभियंता संजय अग्रवाल, स्वच्छता निरीक्षक महेश पाण्डेय, वार्डवासी अनिल सिंह, मानसिंह, श्रीमती सुनीता शेण्डे, संगीता साहू, विजया शाह, संदीप यादव, सहित निगम का स्वास्थ्य तथा राजस्व का अमला उपस्थित रहा।

जनसम्पर्क अधिकारी